हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार, जून 29, 2024


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


14 लोकसभा की तरह आगामी चुनाव के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता : गौरीशंकर





12 आत्मानंद स्कूल विद्यार्थियों के लिए वरदान : विधायक







स्थापना वर्ष 2014 VIPS

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION * COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9340751120, 9131330801, 7869622725

गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध

पता: राछाभाठा (नवागढ़) जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

COURSES

BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years

DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years

DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years

CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year



Pragati College

Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)

ADMISSIONS OPEN

STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION

Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003

Computers > B.C.A, B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013

Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033

Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025

Management > B.B.A. 9294603003

info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com


## कार्रवाई : बैंक में मिले आभूषण को भी जब्त किया गया

# धोखाधड़ी के आरोपी की करोड़ों की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

> पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है

लोगों को उनकी जमा राशि पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने और 8 माह पूर्ण होने पर दोगुनी राशि देने के आरोपी शिवा साहू की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर पुलिस ने अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।



प्रार्थी सौरभ अग्रवाल द्वारा 9 मार्च को थाना सरसीवां में शिवा साहू निवासी रायकोना एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने एवं 8 माह पूर्ण होने पर रकम दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड़ की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर थाना सरसीवां द्वारा धारा 420, 406, 409, 34 120 बी भादवि, 6, 10 छ.ग. के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधि. 2005 दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना दौरान शिवा साहू व उसके साथियों के नाम पर अब तक 29 लोगों से करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपए के शिकायत प्राप्त हो चुकी है। शिवा साहू के करोड़ों की संपत्ति जब्त कर अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 26 जून को आरोपी शिवा साहू, रमेश साहू और सूर्यकांत को दो दिवस की पुलिस रिमांड पर लेकर लगातार पूछताछ करने पर शिवा साहू के एक्सिस बैंक सरायपाली के लॉकर से नगदी रकम एक करोड़ 52 लाख 50 हजार रुपए, सोने का जेवर वजन 01 किलो 847 ग्राम कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख 59 हजार 600 रुपए, चांदी के जेवर 01 किलो 441 ग्राम किमती 1 लाख 23 हजार 900 रूपये जब्त किया गया है तथा शिवा साहू के मौपका बिलासपुर स्थित भवन से नोट गिनने की ▶▶ शेष पेज 11 पर

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज

> ■ न्यायालय के आदेश पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** न्यायालय में दायर याचिका पर मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये आदेश के बाद थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने फाइनेंस कम्पनी चोला मण्डलम शाखा बलौदाबाजार में कार्यरत कुछ अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ धारा 379 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। मामले में प्रार्थी आकाश साहू द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार उन्होंने उक्त फाइनेंस कम्पनी से दो ट्रिप ट्रेलर वाहन फाइनेंस करावाकर खरीदा था। 5 जनवरी को उक्त फाइनेंस कम्पनी शाखा बलौदाबाजार से सोनाडीह पहुंचे आशुतोष मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी, खिलेश्वर जायसवाल, सत्यम शुक्ला, अविनाश जायसवाल एवं कुछ अन्य लोगों ने खरीदे गये ट्रिप ट्रैलर की किस्त राशि नहीं पटाने की बात कहते हुए गाली गलौज व ▶▶ शेष पेज 11 पर

## उधारी का पैसा नहीं मिलने पर युवक ने जहर सेवन कर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

> ■ 20 रुपए के स्टाम्प पर लिखा सुसाइट नोट, रुपए लेने वालों का है उल्लेख



नगर पंचायत टुण्डरा में गुरुवार शाम को एक युवक ने उधारी में दिये गये पैसा और बार बार मांग करने पर नहीं मिलने के कारण से परेशान युवक ने जहर सेवन कर बकायदा 20 रुपये का स्टाम्प पेपर में अपनी आप बीती बताते हुए सुसाइड नोट लिखकर जान दी। मिली जानकारी के अनुसार टुण्डरा निवासी जीवनलाल पिता छोटकुराम देवांगन 30 वर्ष ने गांव के कई लोगों को दोस्ती यारी में पैसा उधारी में दिये थे और पैसा की जरूरत पढ़ने पर दिये गये पैसा की मांग की, जिस पर पैसा लेने वाले व्यक्ति ने उसे पैसा नहीं दिया, जिससे परेशान युवक जीवनलाल ने गुरुवार शाम को बाहर से जहर सेवन कर घर पहुंचा, जहां रात में युवक उल्टी कर रहा था तो उसी दौरान परिजनों की नजर युवक पर पड़ी और तत्काल उसे कसडोल अस्पताल ले जाया जा रहा था, कि रास्ते में ▶▶ शेष पेज 11 पर


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH | R1

Department of BIOTECHNOLOGY

Under Graduate Programme

• BSc (Biotech with Botany)

• BSc (Biotech with Zoology)

Post Graduate Programme

• MSc (Biotech)

OUR MAJOR RECRUITERS

LUPIN

Alembic

SUN PHARMA

90161 13333


## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम अछोली में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी टीकम बघेल पिता बबलू (24 साल) के साथ गांव के ही दिनेश खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** ग्राम तुसदा के एक बुजुर्ग व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खल्लारी पुलिस ने बताया कि संतराम ध्रुव पिता दुल्लू राम (62 साल) की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।







# महादेव सट्टा एप मामले की एक बार फिर नए सिरे से जांच करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले की ईडी के साथ ईओडब्लू जांच कर रही है। महादेव सट्टा एप के सरगना रवि उप्पल तथा सौरभ चंद्राकर पर शिकंजा कसने रायपुर पुलिस भी जुट गई है। इस वजह से राजधानी पुलिस महादेव सट्टा एप मामले की नए सिरे से जांच शुरू करने जा रही है।

■ जांच करने पुलिस एमएचए को एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट भेजेगी

महादेव सट्टा एप के मास्टर माइंड के खिलाफ सबूत जुटाने स्थानीय पुलिस पीएचक्यू तथा राज्य सरकार की मदद से एमएचए को एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट (केस की अतिरिक्त जानकारी) भेजेगी। एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट भेजने की वजह जांच में जो बिंदु छूट गए हैं, उन बिंदुओं की नए सिरे से जांच कर सबूत जुटाकर कार्रवाई करना है।

सट्टा एप मामले में सबूत जुटाने गृह मंत्रालय को ब्योरा भेज कर नए तथ्य पेश किए गए हैं। एसएसपी संतोष सिंह ने गृह मंत्रालय में एक्स्ट्रा ऑडिशन बनाकर भेजे जाने की बात कही है। इसकी वजह सट्टा एप से जुड़े आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने की बात कही है। इसके अलावा पुलिस अफसर ने बेनामी खातों से अकाउंट में पैसे लेने वाले बुकी-खिलाड़ियों के खाते भी सीज किए जाने की जानकारी दी है।

### पिछले वर्ष लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप के मास्टर माइंड रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले वर्ष जून में लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है। इसके लिए रायपुर पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। साथ ही रायपुर पुलिस के पत्र के आधार पर गूगल ने अपने प्ले स्टोर से महादेव सट्टा एप को हटा दिया था। इसके बाद महादेव सट्टा के मास्टर माइंड महादेव बुक सहित अन्य नाम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं।




### कोरोना काल में शुरू हुआ सट्टे का कारोबार

महादेव सट्टा एप के अवैध कारोबार की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई है। राजधानी पुलिस ने दो वर्ष पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा संचालन होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की थी, तब पुलिस को पता चला कि दिनेश तथा कार्तिक नाम के दो बुकी आंध्रप्रदेश से ऑनलाइन दांव लगवा रहे हैं। इसके बाद रायपुर पुलिस ने आंध्रप्रदेश में दबिश देकर 10 सटोरियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पहली बार सौरभ तथा रवि उप्पल के साथ कपिल चेलानी द्वारा सट्टा संचालित करने की पुलिस को जानकारी दी, तब पुलिस को तीनों के परिवार सहित दुबई शिफ्ट होने की जानकारी मिली।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने हैदराबाद सांसद का फूंका पुतला

**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) के पदाधिकारियों द्वारा हैदराबाद सांसद अजहरुद्दीन ओवैसी द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाखेनगर चौक पर गुरुवार को पुतला दहन किया गया। इस मौके पर युवा सेना जिला अध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान ओवैसी द्वारा फिलिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया, जो आतंकवाद को बढ़ावा है और देशद्रोह वाली बात है, इसका शिवसेना पुरजोर विरोध करती है और ओवैसी के ऊपर देशद्रोह संबंधी कार्रवाई किए जाने की मांग सरकार से की है। इसी दौरान थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पुतला दहन करने वालों में संजू साहू, किशन साहू, नरेंद्र प्रजापति, अमर नायक, राहुल सिंह, अमर नायक, राहुल सिंह, राकेश यादव, मोनू निषाद, आकिब खान, भोला साहू, रोहित विश्वकर्मा सहित अधिक संख्या में शिव सैनिक शामिल हुए।

### क्रांतिवीरों के परिजनों का किया सम्मान



**रायपुर।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा अखंड भारत एवं राष्ट्र निर्माण संकल्प विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर ने क्रांतिवीरों के परिजनों का सम्मान किया। यह सम्मान क्रांतिवीरों के परिवार के भगवान बिरसा मुंडा के वंशज जंगल सिंह मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती के वंशज कुंवर प्रताप सिंग मरावी, शहीद वीरनारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस को दिया गया। कार्यक्रम में सचिव विवेक बर्धन सहित आदि उपस्थित थे। समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि इस अवसर पर समिति के देवाशीष गांगुली, सुचित्रा बर्धन, डॉ. आरएन गांगुली, तरुण आपारी, सुबीर साहा, राजनारायण शर्मा, मोनू पटेल, अमित गांगुली, बनमाली भट्टाचार्य, गोविंद बर्धन, मृणमय बर्धन आदि उपस्थित थे।

### युगल किशोर अपेक्स बैंक के जीएम नियुक्त



**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के उपायुक्त युगल किशोर को प्रतिनियुक्ति पर अपैक्स बैंक में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। 24 जून को मंत्रालय से जारी आदेश के परिपालन में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

## कार्रवाई : विवाद से शरीर में कई जगह आए चोट के निशान

# चाकू से हमला के आरोप में 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस ने चाकू से वारकर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी अश्विनी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जून को वह अपने भांजे को अपने नाश्ता भजिया बनाने वाले होटल की देखरेख करने को कहकर सामान लेने के लिए बलौदाबाजार चला गया था। सायं लगभग 6 बजे वापस होटल आने पर देखा कि मेरे भांजा राजेंद्र के साथ आरोपी चंद्र प्रकाश, लेखराम एवं एक अन्य आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए लड़ाई झगड़ा किया जा रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे मेरे सिर, पसली, जांघ, दाहिना आंख के पास आदि जगह चोंट आयी है। बीच बचाव करने आए मेरे भांजा राजेंद्र एवं राहुल पर भी आरोपियों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किया गया, जिससे उन्हें भी शरीर में कई जगह गंभीर चोटे आई हैं। घटना कारित करने के पश्चात तीनों आरोपी मौके से भाग गए।

कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 307, 294, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटील के साथ पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर तीनों आरोपियों द्वारा लड़ाई झगड़ा करना एवं चाकू से प्रार्थी एवं उसके रिश्तेदारों के उपर जानलेवा हमला करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में चंद्र प्रकाश सहित तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में चंद्र प्रकाश 22 वर्ष निवासी ग्राम डोटोपार थाना सिटी कोतवाली, लेखराम 22 साल निवासी आजाद चौक ग्राम डोटोपार थाना सिटी कोतवाली, शिवचरण 27 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली शामिल हैं।



### प्राणघातक हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** पुलिस सहायता केंद्र निपनिया द्वारा द्वारा लाठी, डंडा, पत्थर से वारकर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला मुंगेली निवासी आरोपियों द्वारा मुरूम डालने की बात पर एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया है। प्रार्थीया गंगा बाई द्वारा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई 27 जून को ग्राम कोनी में 7–8 दिन पहले खेत व घर में मिट्टी पटिन का काम करने आए जिला मुंगेली निवासी आरोपियों को मेरे पति सनत कुमार द्वारा ग्राम के चौक में पास दो–तीन ट्रिप मुरूम डालने के लिए बोला गया। इस बात पर आरोपी राहुल अपने तीन अन्य साथियों के साथ एक राय होकर प्रार्थी के पति सनत कुमार के साथ लाठी, डंडा, पत्थर एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया गया। बीच–बचाव करने जब मेरी सास आई तो आरोपियों द्वारा हम दोनों के साथ भी मारपीट किया गया है। प्रार्थी के पति सनत कुमार को गंभीर चोट आयी है, जिसे रात्रि में जिला अस्पताल बलौदाबाजार के बाद समुचित उपचार हेतु एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है।कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 307, 506, 294, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट 3 घंटे के भीतर प्रकरण में शामिल सभी चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर चारों आरोपियों द्वारा प्रार्थिया एवं उसके परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करना एवं लाठी, डंडा, पत्थर आदि से सनत कुमार के उपर जानलेवा हमला करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में राहुल सहित चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर, जेल भेज दिया गया है। आरोपियों में राहुल 27 वर्ष निवासी ग्राम किरना थाना सरगांव जिला मुंगेली, बबलू उर्फ गोलू 21 वर्ष निवासी ग्राम दरूवन कांपा थाना सरगांव जिला मुंगेली, राहुल 21 वर्ष निवासी ग्राम दरूवन कांपा थाना सरगांव जिला मुंगेली साहिल 19 वर्ष निवासी ग्राम दरूवन कांपा थाना सरगांव जिला मुंगेली शामिल हैं।

# खस्ताहाल सड़क से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मुख्यालय से मात्र 10 किमी दूर सोनार से बांसबीनौरी को जोड़ने वाला सड़क मार्ग अत्यंत खस्ताहाल स्थिति में है। मात्र एक से डेढ किमी की सड़क बनाने में जिम्मेदारों ने कभी सुध नहीं ली, इस कारण यहां के रहवासी परेशानी भरा जीवन जीने मजबूर हैं। बता दें कि सोनार देवरी से बांसबीनौरी को जोड़ने वाली सड़क की लंबाई महज डेढ़ किमी से भी कम पर बड़े-बड़े और लंबे लंबे गड्ढों की श्रृंखला बन गई है। वहीं बरसात के दिनों में यह मार्ग किचड़ से सरोबार रहता है। वाहन तो दूर पैदल चलना भी दूभर रहता है। बताना जरूरी है कि बांसबीनौरी में प्राईमरी स्कूल तक शिक्षा मिलती है, पश्चात आगे पढ़ाई के लिए सोनारदेवरी बच्चों के लिए सस्ता मार्ग है। मगर रास्ता किचड़युक्त होने से यहां के विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचते तक कपड़े किचड़ से सने रहते हैं। बता दें कि इस इलाके के लिए, धसकुड़ जल प्रपात, अमेठी एनिकट, धमनी जंगल, तुरतुरिया मातागढ़ तथा बारनवापारा अभ्यारण्य जाने के लिए सस्ता और सुलभ मार्ग है, मगर मार्ग हालत खराब होने से सैलानियों को पलारी घुमकर यह स्थल जाना पड़ता है, जिससे 20 से 25 किमी की अधिक दूरी तय करने पड़ती हैं। इस मार्ग को बनवाने ग्रामीणों ने कई बार आवेदन दिया है।

# पीएचई विभाग ने पिकरीडीह में पानी का परीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत पिकरीडीह में शुक्रवार को पानी का परीक्षण किया गया। जल संरक्षण अभियान के तहत पीएचई विभाग द्वारा ग्राम के पानी टंकी, हैण्डपंप के पानी की जांच की गई। जांच में पानी की गुणवत्ता पीएच 8.0, क्लोराइड 70, हार्डनेस 240, आयरन 0.0, रेसीड्यूल 0.0, फ्लोराईड 0.5 पाया गया। जल परीक्षण रिपोर्ट एफटीके द्वारा दी गई। इसके अलावा जल की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रशिक्षण कर ग्राम पंचायत में कीट उपलब्ध करायी जायेगी।

# युगेश्वरी को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में बिलाईगढ़ क्षेत्र के शिक्षिका युगेश्वरी साहू शासकीय कन्या प्राथमिक शाला पवनी, संकुल पवनी 2023 में कार्यरत रही अभी वर्तमान में पूर्व माध्यमिक शाला सिंघीचुवा में पदस्थ है। शिक्षिका युगेश्वरी साहू नवाचारी गतिविधियों, बाल गीत, छोटी छोटी कविता, कहानियां, चित्रकला, नृत्य आदि गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करती है।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाला शिक्षा दूत सम्मान सम्माननीय जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ बरमकेला और सारंगढ़ के शिक्षा अधिकारी, पूर्व विधायक केरा बाई मनहर, भुवन मिश्रा, शिवकुमारी चौहान, सारंगढ़ एसडीएम अनिकेत साहू, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवम डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, मुकेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



### हेमंत को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण



**गिधौरी।** सारंगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत पवनी के नवाचारी शिक्षक प्राथमिक शाला मड़कडी संकुल परसाडीह शामिल हुए। विकासखंड बिलाईगढ़ को जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत द्वारा हेमंत श्रीवास को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बरमकेला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, भुवन मिश्रा, शिव कुमारी चौहान, चंद्रिका सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रताप सिंह राजपूत, टीकाराम पटेल मनोज जायसवाल, अजीश अग्रवाल, सारंगढ़ एसडीएम अनिकेत साहू, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, मुकेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में 73 कुपोषित बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सेक्टर सर्वा व सेक्टर कटगी के 73 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण में कुल 73 बच्चों में 12 बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र कसडोल व एक गंभीर एनिमिक बच्चे को जिला अस्पताल बलौदा बाजार ले जाने हेतु रिफर किया गया। वहीं बाकी 60 बच्चों के लिए आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरण की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी राजेश कुमार क्षीरसागर, सेक्टर पर्यवेक्षक द्वय लक्ष्मी साहू एवं मुनिया वर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी के डॉ. रवि सेन सहित बड़ी संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी के स्टाफ और बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच कल होगी प्रीबीएड और प्रीडीएलएड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सीजी व्यापमं द्वारा सारंगढ़ जिला मुख्यालय को प्रीबीएड और प्रीडीएलएड परीक्षा का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसकी परीक्षा दो पालियों में 30 जून रविवार को संपन्न होगी। व्यापमं की वेबसाईट व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहेंगे, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनकी पहचान की जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने अनुमति दी जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### दिव्यांग रख सकेंगे सह लेखक

सह लेखक की सुविधा उन्हीं परीक्षार्थियों को दी जाएगी, जिन्होंने इस परीक्षा के फॉर्म भरते समय सह लेखक की सुविधा चाही थी या ऑप्शन पर क्लिक किया होगा। इसके लिए निर्धारित शपथ पत्र के साथ परीक्षार्थी और सह लेखक को परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा।

### सावधानी

व्यापम ने परीक्षार्थियों को निर्देश में कहा है कि प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, ताकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा होगी। परीक्षार्थी काले या नीले बॉल पेन का उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र की कॉपी सुरक्षित रखें।

### पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी लाना जरूरी

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची, मूलरूप में फोटो कॉपी मान्य नहीं परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### पर्यावरण संरक्षण, महिला चैंबर ने लगाए पौधे



**रायपुर।** महिला चैंबर की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि बुधवार को महिला चैंबर के तत्वावधान में तथा हॉर्टिकल्चर समिति के अध्यक्ष मोहन वल्यानी के सहयोग से विश्व पर्यावरण के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत 26 जून को नारायणा हॉस्पिटल में पौधारोपण किया गया। श्रीमती अरोरा ने आगे बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल हैं, जैसे-हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, सदस्य प्रीति उपाध्याय, ऐश्वर्या तिवारी, काजल लालवानी, डिंपल खट्टर, नीता कुकरेजा एवं हॉर्टिकल्चर समिति अध्यक्ष श्री वल्यानी, प्रशासक अधिकारी नारायणा हॉस्पिटल डॉ. मेघा खेमका, डॉ. अतुल सिंघानिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शिंदे छोड़ उद्धव गुट में शामिल निलेश को पार्टी ने मीडिया प्रभारी बनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शिवसेना जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ में एकनाथ शिंदे गुट छोड़ कर उद्धव बालासाहेब ठाकरे वाली शिवसेना में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश महासचिव एच एन सिंह पालीवार ने निलेश मानिकपुरी को भगवा गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। साथ ही निलेश मानिकपुरी को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व देते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने हिन्दू ह्रदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की विचारधारा को लेकर लगातार आम जन के हितार्थ समर्पित रहने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश महासचिव एच एन सिंह पालीवार, प्रदेश सचिव संजय नाग, प्रदेश सचिव कामगार सेना, संतोष मार्कण्डेय, कामगार सेना बल्लु, शन्नी, साई प्रजापति, बिट्टू यादव, आंनद तिवारी, खिलावन साहू आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

### खादी ग्रोमोद्योग में शार्ट सर्किट से लगी आग

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कंकाली पारा स्थित खादी ग्रामोद्योग में गुरुवार दोपहर शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में लगी थी। आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में जब आग लगी थी, तब फर्स्ट फ्लोर में कुछ लोग फंसे हुए थे। आग बुझने के बाद फर्स्ट फ्लोर में फंसे लोग नीचे उतरे। पुलिस के मुताबिक ग्राउंड फ्लोर के इलेक्ट्रिक बॉक्स में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी। लोगों ने फर्स्ट फ्लोर में धुंआ उठते देख फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को आग लगने की सूचना दी।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में प्रमाण पत्र वितरित

**कसडोल।** स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसमें सभी स्वंसेवक छात्रों का उत्साह के साथ वितरण किया गया। इस दौरान सभी स्वंसेवक राष्ट्र योगदान में अपना वर्चस्व भूमिका देने हेतु सेवा की भूमिका निभाया, जिसमें महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जहां पर सभी स्वयंसेवक की उपस्थित महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. खुर्शीद द्वारा सभी स्वयंसेवक की राष्ट्र सेवा योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इसके अलावा उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर उपस्थित डॉ. अमृतलाल पटेल (पूर्व जिला संगठक महासमुंद) द्वारा सभी स्वयंसेवक की कार्य की प्रशंसा करते हुए मार्गदर्शित किया गया। इसमें उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी व्ही टंडन द्वारा सभी स्वयंसेवक को मार्गदर्शीत करते हुए सेवा योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित बी प्रमाण पत्र धारी महाविद्यालय स्वयंसेवक सूरज यादव, अभिषेक नवरंगे, प्रीतम फुलेस्वरी बंजारे, रुकमनी पंकज, बालमुकुंद, विनीता सिंह, आदित्य कोयल, आदित्य पंकज, दीपांशु की उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं के साथ देश राष्ट्र में अपना अमूल्य योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। इस दौरान समस्त स्वयंसेवक मौजूद रहें।

### चार प्राधिकरणों का पुनर्गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्राधिकरणों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण शामिल है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि हाल की में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्राधिकरणों के संबंध में निर्णय लिया गया था। सभी प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्राधिकरणों की अध्यक्षता का दायित्व वरिष्ठ विधायकों को दिया गया था। अब नए सिरे से प्राधिकरणों के पुनर्गठन में संबंधित क्षेत्र के विधायक सदस्य होंगे। प्राधिकरणों में सदस्य के रूप में वरिष्ठ अधिकारी जैसे मुख्य सचिव, संबंधित विभागीय सचिव के अलावा समाजसेवी और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# सुधारी जायेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर व्यस्थाओं की जानकारी ली

अपने प्रवास के दौरान कलेक्टर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओपीडी पंजीयन रजिस्टर, हमर लैब, महिला एवं पुरुष वार्ड, ऑपरेशन कक्ष, प्रधानमंत्री जन औषधि स्टोर, ट्रॉमा यूनिट, डेंटल एवं आयुष्मान रजिस्ट्रेशन क्लैम रजिस्टर का अवलोकन कर जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर व्यस्थाओं की जानकारी ली। मरीजों ने कलेक्टर को समय पर भोजन एवं डाक्टरों द्वारा नियत समय में जांच करने की बात कही। अस्पताल में व्यवस्थाओं एवं कमियों में और अधिक सुधार लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही सीजीएमएससी द्वारा निर्माणधीन 30 बेड अस्पताल एवं ऑफिस भवन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, सीएचएमओ डॉ. महिस्वर, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, सीईओ, सीएमओ सहित विभागों के अधिकारी

## व्यवस्थाओं में सुधार का अधिकारियों को दिए निर्देश



### दामाखेड़ा में गुरुओं के समाधि स्थल का दर्शन लाभ लिया

सिमगा प्रवास के दौरान नवपदस्थ कलेक्टर सोनी पहली बार दामाखेड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने कबीर पंथ के गुरुओं के समाधि स्थल पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। इस दौरान श्रीसदगुरु कबीर धर्मदास साहब वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा के सदस्यों ने संत कबीरदास के गुरुवंश परंपरा, इतिहास एवं स्थान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें श्रीफल, शाल एवं किताब भेंटकर सम्मान किया। कलेक्टर ने बताया कि यूपीएससी के इंटरव्यू में कबीर के बारे में पूछा गया था। उसी समय दामाखेड़ा के बारे में पढ़ा था, आज मेरा सौभाग्य है कि मुझे दामाखेड़ा आने का मौका मिला।





# लोकसभा की तरह आगामी चुनाव के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता : गौरीशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को साहू भवन पलारी में संपन्न हुई। इसमें मण्डल अध्यक्ष पलारी नन्दकुमार वर्मा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को लोकसभा की जीत की बधाई दी एवं आने वाले समय में भी अपने कार्यों पर लगे रहने पर जोर दिया। प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने विधानसभा लोकसभा की समीक्षा करते हुए बताया विधानसभा, लोकसभा के चुनाव में कसडोल विधानसभा में भाजपा को 118000 और कांग्रेस को 1001000 वोट मिले हैं। विधानसभा में कसडोल से 34000 वोट से हारे थे, पर लोकसभा में 18000 वोट से हम जीते हैं। इस विजय को हमें निरन्तर बनाये रखना है। मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि नेता अच्छा है पार्टी अच्छी है हमें अपनी नियत को अच्छा रखने की आवश्यकता है। निश्चित ही हम आने वाले चुनाव भी जीतेंगे। अब लोकतंत्र का सबसे बड़ा चुनाव आ रहा है। नगर पंचायत नगर निगम त्रिस्तरीय पंचायत का आने वाला है, उससे पहले सक्रिय सदस्य एवं स्थानीय समिति का भी गठन करना है। भविष्य में नगर निगम का डायरेक्ट चुनाव की दृष्टि से हमें तैयारी करने की आवश्यकता है। पार्टी के काम के साथ ही हम सभी को एक-एक पेड़ लगाना है और उस पेड़ को हमें परिवार की भांति देखरेख करते हुए बड़ा करने की भी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, डॉ. अजय राव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, धनीराम धीवर, तेजराम वर्मा, दुर्गा पटेल, सेवक वर्मा, राजकुमार जायसवाल, गुलाम गैस, सुलोचना यादव, कृष्ण कुमार पटेल, मेलाराम साहू, अध्यक्ष लवन विजय यादव, अध्यक्ष दक्षिण पलारी महेंद्र साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी यशवर्द्धन मोनू वर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत लवन मीना बारवे, हेमंत साहू, डॉ. केजुराम साहू आदि मौजूद थे।

■ समीक्षा बैठक में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर

# टुंडरा में पानी के लिए मचा हाहाकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नगर पंचायत टुण्डरा में जलावर्धन योजना अंतर्गत महानदी से जल आपूर्ति की जा रही है। अब गर्मी का मौसम तो चला गया, लेकिन बरसात के मौसम आते ही नगर पंचायत टुण्डरा में पानी के लिए हां हां कार मचा हुआ है। आपको बता दें नगर में पिछले चार पांच दिन से नगर के आधी से ज्यादा आबादी में पानी सप्लाई बंद है। महानदी पर वर्तमान में 2 मोटर पंप लगी है वह 7 एच पी का है और स्टिमिट अलग है और बरसात आ गया है, महानदी से गंदा पानी आता हैं, जिसे फिल्टर कर रहे हैं, लेकिन फिल्टर प्लांट में किसी भी प्रकार का सफाई वाला बीचिंग पाउडर नहीं डल रहा है और पीएचई विभाग नगर पंचायत में नल कनेक्शन की राशि नगर पंचायत से वसूल रही हैं, तो बिचिंग पाउडर भी नगर पंचायत खरीदे। नगर पंचायत पी एच ई विभाग के दोनों के बीच में आम जनता परेशान हैं। अभी पानी के लिए हा हा कार मचा हुआ। नगर में टैंकर से पानी सप्लाई चल रही है, जहां टैंकर रुक रहे हैं वहा विवाद की स्थिति बना रहता है। जवाबदार अधिकारी अपना अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। फिल्टर प्लांट के कर्मचारी ने बताया कि रात्रि में पानी को देखना पड़ता है गंदा पानी आ रहा है कि कैसा लाइट नहीं लगा है, नगर पंचायत केसीएमओ से दो बार आवेदन दिया गया, अभी तक लाइट भी नहीं लगी है। अब देखना होगा आखिर जिम्मेदार कब तक इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं और नगरवासी को पानी की आपूर्ति की जाती है।

### फिल्टर प्लांट की दो मशीनें खराब, 5 दिनों से नगर पंचायत के लोग हो रहे परेशान

जलावर्धन योजना के अंतर्गत टुण्डरा में बने पानी फिल्टर प्लांट में लगे 2 पंप मोटर खराब होने के कारण टुण्डरा के आधे आबादी में पानी सप्लाई बंद है, जिससे नगर में पानी के लिए हा हा कर मचा हुआ है। इसके जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। विदित हो कि वर्तमान में जलावर्धन योजना से पानी की सप्लाई अभी पी एच ई विभाग के पास है, जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत को हैंड ओवर नहीं किया है। पी एच ई विभाग हैंड ओवर देना चाह रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत लेना नहीं चाहती है। और लेंगे तो नगर पंचायत हैंड ओवर स्टीमेट के अनुसार लेना चाहते हैं।

## विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल किए जाने पर कहा, कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर हो गया है। श्री कश्यप ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था, लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नहीं, सैम अंकल प्राथमिकता रखते हैं।

## पेज 9 के शेष

### धोखाधड़ी के आरोपी...

इलेक्ट्रॉनिक मशीन, लैपटॉप, जमीन संबंधी कागजात, चेक बुक, शिव साहू द्वारा खरीदी गई सोने चांदी के बिल तथा लोगों से धोखा देकर ली गई रकम की बांड पेपर पावती संबंधी कागजात, शिवा साहू द्वारा रायपुर में रखे होंडा शाइन मोटरसाइकिल एवं रमेश साहू के ग्राम रायकोना में रखें रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है जिन्हें विधिवत कार्रवाई पश्चात पुनः न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया ।

### फाइनेंस कंपनी के ...

अभ्रद व्यवहार किया। इस दौरान घटना स्थल पर किस्त की बचत राशि नगद दिये जाने पर उसे लेने से इंकार कर दिया तथा न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र के ट्रकयार्ड में खड़ी ट्रिप ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 पी 7400 एवं सीजी 22 पी 7350 को जबरन लेकर चले गये। इसके बाद प्रार्थी द्वारा घटना की लिखित जानकारी देते हुए थाना सिटी कोतवाली में दोषियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग रखी गई थी लेकिन वहां मौजूद पूलिस अधिकारी द्वारा मामले को पुलिस हस्तक्षेप के अयोग्य बताते हुए दं, प्र, स, की धारा 155 के तहत फैना देकर न्यायालय जाने की बात कहीं गई। जिसके पश्चात प्रार्थी द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में आरोपियों के विरूद्ध परिवाद प्रस्तुत किया गया था जिस पर न्यायालय ने प्रार्थी की संज्ञेय अपराध वाली शिकायत के बावजूद अपराध पंजीबद्ध नहीं किये जाने पर 20 जून को दिये गये फैसले में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामलें की विवचेना करने का आदेश दिया गया है।

### उधारी का पैसा ...

जीवनलाल की मौत हो गई। शुक्रवार को परिजन एवं सैकड़ों की संख्या में नगर पंचायत टुण्डरा के गिधौरी थाने पहुंचे और सुसाइड नोट में लिखे नाम व्यक्ति पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें मृतक के बडे. भाई चैतराम देवांगन ने शुक्रवार को गिधौरी में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की, जिसमें बताया गया की मेरे भाई को आशीष कुमार पिता दरसराम साहू एवं टुण्डरा निवासी कमलेश जांगडे ने उधार में पैसा लिये थे और वापस न देकर प्रताड़ित करने लगे थे और उधारी की रकम को नहीं लौटा रहे थे, जिससे मानसिक रुप से तनाव और परेशान होकर जहर सेवन किया गया है। उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि राइटिंग एक्सपर्ट से इस माध्यम से जांच की जाएगी, उसके बाद ही पूरी जानकारी पता चल पाएगा कि आखिर सुसाइड नोट किसने लिखा है और अगर सुसाइड नोट मृत युवक का ही है तो उस पर जांच भी होगी।

**20 रुपए के स्टाम्प पेपर पर लिखा सुसाइड नोट :** मैं जीवन लाल देवांगन पूरे होश हवास में लिख रहा हूं जिंदगी में गलती की है दूसरों पर भरोसा करके और उसने जिन्दगी बर्बाद कर दी। मैने कमलेश कुमार जांगड़े पिता फूलचंद जांगड़े को एक लाख नकद दिया हूं। मेरे पर परसराम रात्रे के पास से पचास हजार रुपए बकाया है उसको भी कमलेश को देना है मैं अपना घर को बेच कर उसको पैसा दिया हू और मुझे नही दे रहा है। मैं पूरा परेशान और टूट चुका हूं। इसी लिए मैं अपना जान देने जा रहा हूं। और जो मैने कमलेश को पैसा दिया हु ।उसका कोई लिखा पढ़ी नही हुआ है दोस्ती के नाते दे दिया था।और डॉक्टर आशीष साहू पिता दरस साहू को 40 हजार रुपए नगद दिया हूं जो मैने फोन पे से किया हूं। मेरे मोबाइल पर चेक कर सकते हो। और मेरा मरना ही सबसे बड़ा साबुत है। मेरे बड़े भाई से प्रार्थना है कि मां का ध्यान रखे यही मेरी अंतिम इच्छा है। और सभी परिवार वाले माफ करें, मुझे कोई भी समस्या नही है। घर में शादी है, मेरे मर जाने के बाद मत रोकना। जैसे भी हो उसको अच्छे से सम्पन्न करना। अलविदा सभी को।

# बेल्ट टूटा, कैप्सूल बीच सड़क में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



परकीडीह रवेली मार्ग होते हुए सीमेंट प्लांट रावन की ओर जा रही कैप्सूल गाड़ी रवेली रेलवे क्रॉसिंग के पास चक्का का पट्टा टूटने से दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इससे आवागमन बाधित हो गया है। कोई भी भारी वाहन साइड से भी क्रॉस नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया प्रातः 9 बजे घटना घटी है, जो की शाम 4 बजे लगभग रोड किनारे सीमेंट प्लांट द्वारा मुरूम डलवाकर अर्थात 7 घंटे बाद भारी वाहनों को पार कराया गया। भारी वाहनों की लंबी कतार लग गईं, जिसमे पेट्रोल गाड़ी, स्कूल बस आदि शामिल हैं। स्कूल बस अन्य मार्ग होते हुए जिसमें दो से तीन गुना अधिक दूरी तय कर गंतव्य स्थान तक पहुंचे हैं। खराब रोड के चलते इस मार्ग में अनेक दुर्घटनाएं घट चुकी है और घट रही है। झीपन के ग्रामीणों ने बताया झीपन से रावन पहुंच मार्ग भी भारी जर्जर हो चुका है। बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसमे भारी वाहनों के रात्रि में अवैध प्रवेश कारण स्थिति निर्मित हुई है। ग्रामवासी परेशान है। स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन बना रहता है। प्लांट वाले भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि शासन प्रशासन ध्यान देवे जिससे मार्ग अतिशीघ्र बने।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट रावन सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने फोन से बताया की, दुर्घटना की जानकारी मिली है, ट्रांसपोर्टर आ रहा है पार्ट्स टूट गया है जिससे खिसक नहीं पा रहा है। ट्रांसपोर्टर को बोल दिया गया है कब तक हटेगा नहीं बता सकता, लेकिन जल्दी हटना चाहिए। आने जाने के लिए साइड से जगह बनाई गई है। झीपन की ओर से जाने वाली भारी वाहनों को ग्रामीणों को रोकना चाहिए।

### नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की तैयारियां तेजी से करने की कवायद शुरू कर दी है। नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा करते हुए आयुक्त ने इसे समय सीमा में कराने पर जोर दिया है। उन्होंने समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन से संबंधी दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची की तैयारी की भी आयुक्त सिंह ने समीक्षा की। साथ ही मतदान केन्द्र और मतदान कर्मियों की आवश्यकता और व्यवस्था पर भी जोर दिया गया।

## वरिष्ठ अधिकारियों ने दी शासकीय नियमों, कानूनों और कार्यों की विस्तृत जानकारी

# अधिकारी-कर्मचारियों को मिली भू-राजस्व के नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव






जिले में आयोजित शासकीय विभागों के नियम, कानून और कार्यों की दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। समापन दिवस में मार्गदर्शन देते हेतु वरिष्ठ सेवानिवृत विशेष सचिव पी निहलानी ने भू–अर्जन विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला की शुरुआत में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा। निहलानी ने समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने भू–अर्जन अधिनियम में सुधार एवं नये अधिनियम की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। साथ ही पुर्नवास एवं पुर्नव्यस्थापन के संबंध में अपडेट किए गये नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही इस नये अधिनियम में जुड़े नये जटिल शब्दों की व्याख्या की एवं भू–अर्जन के पूर्व सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन किए जाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अशोक तिवारी ने वासिल बाकी नवीस के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मांग की पंजियों के संधारण, बैंक में जमा की जाने वाली राशि एवं वसूली राशि, भू–राजस्व एवं विविध राजस्व, भू राजस्व संहिता की धारा–57 एवं धारा–59, बी–1, किस्तबंदी, आरबीसी की कंडिकाएं, जुर्माना एवं शास्तियां, विभागीय जांच एवं कार्यवाही, नजूल संबंधी प्रकरण, स्थापना शाखा के अंतर्गत पदस्थापना पदोन्नति प्रक्रिया, डीपीसी बैठक, अधिकारियों कर्मचारियों के सेवा पुस्तिकाओं का संधारण, राजस्व न्यायालय की प्रक्रिया तथा राजस्व मुहर्रिर शाखा के कामकाज इन सभी विषयों पर अपना व्याख्यान दिया। इसके पश्चात अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर शशिभूषण सोनी ने ई–कोर्ट एवं भुइयां पोर्टल के संबंध में जानकारी दी।

नायब तहसीलदार उज्वल पाण्डेय ने नजूल संबंधी प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात जिला आबकारी अधिकारी रायगढ़ रामकृष्ण मिश्रा ने आबकारी प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। खनिज शाखा से सहायक खनिज अधिकारी कोरबा उत्तम खुंटे एवं खाद्य विभाग बिलासपुर से राजीव लोचन तिवारी ने संबंधित जानकारी दी।

## खबर संक्षेप




### राजेश छाबड़िया प्रदेश सचिव व नंदलाल प्रदेश मंत्री बने

**भाटापारा।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत प्रदेश कमेटी की घोषणा सांई युद्धिष्ठिर लाल की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी द्वारा की गई। इसमें पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के महासचिव व पार्षद राजेश हजारीलाल छाबड़िया को प्रदेश सचिव एवं पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के कार्यकारिणी सदस्य नंदलाल तनवानी को प्रदेश मंत्री मनोनित किया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा व प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी का आभार व्यक्त करते हुए समाज द्वारा दिये गए सम्मान व जवाबदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने की बात कही। इस नियुक्ति पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, अनिल रोचलानी, सुदामा मंधान, रहंदा गेहाणी, श्रीचंद छाबड़िया, राकेश मंधान, रूपेश किंगरानी, रंजित दावानी, राजेश थारानी, गुरूमुख गंगवानी, किशोर दावानी, प्रताप ठाकुर, विक्की छाबड़िया, गोलू थारानी, महेश चंदानी, आत्माराम जोतवानी, नितिन भोजवानी, सच्चानंद थदवानी, जगदीश लालवानी, सुरेश वाधवानी, मंगलानी, श्रीचंद भिरानी सहित नगरजनों ने बधाई प्रेषित की।

### कार में तोड़फोड़ कर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में कार में तोड़फोड़ करने करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पिलू कोसले उर्फ इंद्रजीत व उसके तीन साथियों ने प्रार्थी ईशान चंद्राकर पिता अजय चंद्राकर (23 साल) के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया और उसकी कार में तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एसडीएम उमेश ने कुष्ठ सर्वेक्षण का किया निरीक्षण



**महासमुंद।** कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान के तहत एसडीएम उमेश साहू द्वारा ग्राम खट्टी में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वयं सर्वे कर लोगों से जानकारी ली। ज्ञात है कि कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान, सिकल सेल एनीमिया, लकवा, कुष्ठ रोग आदि से ग्रसित लोगों की पहचान के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसी तरह बागबाहरा, पिथौरा एवं अन्य ब्लॉक में भी अभियान जारी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दी है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बम्हनी की मृतका सेजल साहू, ग्राम लभराखुर्द के मृतक गौरिषी सांवरा तथा पिथौरा विकासखंड के ग्राम बंजारीडीपा के मृतक विकास भोई एवं ग्राम अरंड के मृतक प्रदीप ध्रुव के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम तुमाडबरी की मृतका थनवारिन ध्रुव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**प्रवेशोत्सव :** शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक, बच्चों को पुस्तकें भेंट की

# आत्मानंद स्कूल विद्यार्थियों के लिए वरदान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड के ग्राम सेल स्थित आत्मानंद इंग्लिश मिडियम उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। कार्यक्रम में विधायक ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रारंभ की गई स्कूल का बच्चों को अच्छा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कसडोल आत्मानंद विद्यालय से 12वीं एवं 10वीं में मेरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को बधाई दी। नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तकें भेंट की और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। साथ ही शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया।

**एकल शिकक्षीय स्कूल समस्याएं गिनाउंगा कलेक्टर से:** मीडिया से चर्चा में विधायक संदीप साहू ने कहा की कसडोल विकासखण्ड में शिक्षक विहीन और एकल शिकक्षीय स्कूल की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातर की गई है, साथ कुछ स्कूलों को मरम्मत के नाम पर छत को तोड़ दिया गया, उसकी भी शिकायतें आई है, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आज ज़िले के नए कलेक्टर दीपक सोनी से मिलने जा रहा हूं। बहुत जल्द ही इन समस्याओं के निराकरण करवाने के लिए बोलूंगा, ताकि स्कूली बच्चों को किसी प्रकार के परेशानियों का सामान न करना पड़े। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चन्दन साहू एवं जनपद अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा भी उपस्थित थे। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चन्दन साहू, पार्षद प्रतिनिधि निरेन्द्र क्षत्रिय, भावेश यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव, संस्था प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र देवांगन, पूर्व प्राचार्य रोहित साहू एवं समस्त स्कूल के संकुल प्रभारी, संस्था के शिक्षक - शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।




### प्रवेशोत्सव पर बच्चों का रोली लगा कर किया स्वागत

**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल केंद्र रोहिना में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र पियुष का स्वागत रोली लगा कर तथा मुंह मीठा कराके प्रवेश कक्षा पहली में दिया गया। महेश खूंटे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति द्वारा सभी बच्चों को गणवेश तथा पाठयपुस्तकों का वितरण किया गया। बच्चों का स्वागत रोली लगा कर किया गया। महेश कुमार खूंटे ने सभी को अच्छे से मन लगा कर पढ़ाई करने, समय पर शाला आने, गृहकार्य पूर्ण करने और अपने लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की अपील की। रामदुलार निराला प्रधान पाठक ने बच्चों को नियमित शाला आने, अनुशासन में रहकर लगन से पढ़ने कहा। शाला प्रवेश उत्सव में बच्चे पाठयपुस्तक, गणवेश पाकर खुश हुए। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में राजेश कुमार खूंटे, निर्मला खूंटे, प्रभा निराला, जया खूंटे, महेश कुमार खूंटे विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### प्रवेशोत्सव पर बच्चों को बांटी गई कॉपी-किताबें




**हिरमी-रावन।** अंचल में स्कूल खुलने के साथ ही शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सिमगा ब्लाक के ग्राम मोहरा में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल में स्कूल प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधि ने शामिल होकर नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस बीच उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी–किताब और पेन वितरण किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच साधराम नवरंगे, सुखनंदन चेलक, पूर्व सरपंच मालीकराम वर्मा, पटेल, हीरालाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य मंतराम बंजारे, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, प्राचार्य सहित शिक्षक ग्रामीण और बच्चे उपस्थित थे।

## पुस्तकें और गणवेश पाकर छात्राएं हुईं उत्साहित, खाया न्योता भोज



**पलारी।** नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ में शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल साराडीह में संयुक्त रूप से नौनिहाल, नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल खुलने के बाद बच्चों में उत्साह और खुशी दिखी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को स्कूलों में रोली–टीका लगाने सहित माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। बच्चे उत्साह के साथ शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान छात्रों को निःशुल्क किताबें और स्कूल गणवेश भेंट किया गया। समन्यवक मनोज गायकवाड़ ने स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज शाला प्रवेश उत्सव में शामिल बच्चे उत्साहित हैं कि अब उन्हें पढ़ने के लिए नियमित तौर पर स्कूल आना है। शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। समूह के बच्चों को समुचित शिक्षा प्रदान किया जाना है, इस दृष्टिकोण से सभी शालाओं में बुनियादी सुविधाएं एवं शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिक्षा के राह में आने वाली बाधा को सभी मिलकर दूर करेंगे। देश में शिक्षा के क्षेत्र में समस्त अधोसंरचनाएं और सुविधाओं का विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है।

## ब्लॉक के स्कूलों में मना प्रवेशोत्सव बांटी गईं पुस्तकें और गणवेश

**भाटापारा** विकासखंड अंतर्गत समस्त विद्यालय में विद्यालय के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें शासन द्वारा प्रदाय निःशुल्क बच्चों को एक सेट गणवेश, पाठ्य पुस्तकें एवं मिठाई खिलाकर बच्चों का स्वागत किया गया। पूरे विकासखंड के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसके लिए शिक्षक शिक्षिकाओं ने पूर्व में तैयारी कर वार्ड एवं गांव में जनप्रतिनिधियों एवं पालकों से संपर्क कर प्रवेश उत्सव की जानकारी दी थी।

प्रवेश उत्सव में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों और पालकों को आमंत्रित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल द्वारा विद्यालय के प्रथम दिवस विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला हथिनी पारा, पूर्व माध्यमिक शाला, हायर सेकंडरी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं समय पर उपस्थित मिले। विद्यालय की साफ सफाई देखकर श्री पाल द्वारा प्रधान पाठक की प्रशंसा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बच्चों के शैक्षिकस्तर में सुधार व गतिविधि के माध्यम अध्यापन कराए एवं प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन प्रशिक्षण अनुसार विद्यालय में शाला संचालन के निर्देश दिए। संकुल समन्यकों व संकुल प्राचार्य द्वारा अपने संकुल अंतर्गत समस्त विद्यालयों का अवलोकन किया। साथ ही उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों को बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




### आशीबाई स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद महेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जीआर सिन्हा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन तथा समय पालन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने विगत सत्र में विद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त किए गए उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए नवीन सत्र में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन विवेक रहटगांवकर ने किया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा करा कर तथा पुस्तकें प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल मन्नाडे, संजय मांझी, पुराणिक डड़सेना, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, खेमलता कंवर, अनिता साहू, तपस्या शर्मा, आशीष देवांगन, देवेंद्र कुमार शर्मा, खोमन चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, निधी तिवारी, नोबल ध्रुव, मधुमति चंद्राकर, बेला मारू, छाया रंगारी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

### छड़िया स्कूल में बच्चों को दिया न्योता भोज




**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के साथ न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संकुल के नोडल प्राचार्य प्रकाश चंद्र गिलहरे एवं विद्यालय के प्रधान पाठक शांता पठारे द्वारा पौधारोपण भी किया गया। सभी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर पुस्तक एवं निशुल्क गणवेश भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुनीता जंघेल, प्रवीण कुमार साहू, देव प्रसाद ध्रुव व पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा तथा पालक मीना धीवर उपस्थित थे।

### प्राथमिक और माध्यमिक शाला में मना प्रवेशोत्सव

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवम प्राथमिक शाला बरडीह में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नितेश चेलक के साथ संस्था प्रमुख मनहरण वर्मा और भेष कुमार महिलांग द्वारा शाला के बच्चों को तिलक लगाकर एवम मिठाई खिलाकर स्वागत कराया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया, साथ ही बच्चों को पर्यावरण बचाने के लिए शाला परिसर में पेड़ पौधों का रोपण करना, शाला परिसर की स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शिक्षक विशेषर वर्मा, चरित ध्रुव, संजय बंछोर, हेमकुमारी साहू एवं मीनाक्षी सिरमौर उपस्थित रहे।



**बारिश से सड़क के गड्ढों में भरा कीचड़**

# जानलेवा साबित हो रहा कठिया-मोहरा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



राजधानी रायपुर से जोड़ने वाले मार्ग पड़कीडीह से मोहरेंगा तक लगभग 25 किमी की सड़क कठिया और मोहरा के बीच कोसों दूर तक जर्जर सड़क के नाम से विख्यात हो चुकी है। बारिश होते ही पड़कीडीह, रवेली, रावन, कठिया और मोहरा सड़क पर कीचड़ से भरे गड्ढे तालाब में तब्दील होने लगे हैं। वहीं कीचड़ सूखते ही भारी वाहनों के गुजरने के बाद सड़क से उड़ने वाली धूल का गुबार मुसाफिरों के लिए मुसीबत बन रहा है। इसी सड़क से उखड़ी गिट्टियां भारी वाहनों के टायरों से उछलकर राहगीरों को चोटिल कर रही है, परंतु पीडब्ल्यूडी को इस रोड की चिंता ही नहीं है। बड़े-बड़े सीमेंट संयंत्र सहित पड़कीडीह से रावन, मोहरा और कठिया होते हुए 25 किलोमीटर लंबा मोहरेंगा मार्ग क्षेत्र को खरोरा, बंगोली होते हुए सीधे राजधानी रायपुर से जोड़ता है, जिस पर 28 से 30 टन वजन के सैकड़ों वाहन 24 घंटे चलते हैं। इससे यह पक्का मार्ग इतना अधिक जर्जर हो चुका है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का चलना तो दूर पैदल चल पाना भी हिम्मत का काम है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे देख ट्रक चालक भी अपना मार्ग बदल लेते हैं।

सड़क पर बने बेडौल गड्ढों के कारण हालत यह है कि नजर हटी की दुर्घटना घटी। यदि जल्दबाजी के कारण अथवा भूले भटके कोई सवारी वाला चारपहिया वाहन इस मार्ग पर चला जाता है तो उस गाड़ी में कोई टूट–फूट अथवा खराबी नहीं आई तो वह सौभाग्यशाली माना जाता है।

### शिक्षिका डॉ. इंद्राणी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित

**भाटापारा।** नगर की शिक्षिका और साहित्यकारा डॉ. इंद्राणी साहू को अनुच्छेद 368 संविधान का संशोधन भाग 20 राधेश्याम छंद में और अध्याय 46, संविधान संशोधन 01 से 52 सरसी छंद में लिखने के लिए नई दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित भव्य समारोह में गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान शिव लाल मेहता स्कूल के छात्रों का एक समूह उपस्थिति रहा।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468